-:प्रेस नोट:-

**दिनांक- 29.10.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **थाना तिन्दवारी पुलिस द्वारा पीएसी के सिपाही पर जानलेवा हमला करने वाला वांछित पारिवारिक/पड़ोसी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

**विवरण**- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना तिन्दवारी पुलिस द्वारा पीएसी के सिपाही पर जानलेवा हमला करने वाले वांछित उसके पारिवारिक/पड़ोसी अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब हो कि थाना तिन्दवारी क्षेत्र के ग्राम परसौड़ा के रहने वाले शिवशरन पुत्र भवन ने दिनांक 23.10.2025 को थाना तिन्दवारी पर सूचना दी कि उनके पुत्र सुनील जो प्रयागराज में पीएसी में सिपाही के पद पर तैनात है, को उनके ही पारिवारिक व पड़ोसी लोगों नें धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर गम्भीर रुप से चोट पहुंचा दिया है। जिसके सम्बन्ध में थाना तिन्दवारी पर अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे इसी क्रम में आज दिनांक 29.10.2025 मुखबिर की सूचना पर गजनी मोड़ पपरेंदा रोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. देवकुमार पुत्र श्रीपाल निवासी परसौड़ा थाना तिन्दवारी जनपद बांदा।

**पंजीकृत अभियोग-**

- मु0अ0सं0- 254/25 धारा 109(1) बीएनएस थाना तिन्दवारी जनपद बांदा।

**गिरफ्तारी करने वाली टीम-**

1. म0उ0नि0 रोशनी सेंगर चौकी प्रभारी कुरसेजा
2. म0कां0 ज्योति शुक्ला
3. का0 देवांश सिंह चौहान